# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी का वर्चुअल संवाद आयोजित

दिनांक 27-08-2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री जी का वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करना तथा स्वस्थ, अनुशासित एवं सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. भूपेश कुमार गोयल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कमलेश पासवान, केंद्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सीमा पांडेय, जिला युवा अधिकारी, माय भारत, गोरखपुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

